Reg no:-UDYAM/JH190015501
समाचार संध्या
झारखण्ड
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya
समाचार संध्या न्यूज
Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com सोमवार 28 अक्टूबर 2024

# नामांकन के पहले एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने सपरिवार रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना कर मत्था टेक लिए आशीर्वाद




**समाचार संध्या**

रजरप्पा। रामगढ़ एनडीए प्रत्याशी सुनीता चोधरी ने अहले सुबह रजरप्पा स्थित माँ छिनमस्तिके मंदिर पहुंची साथ में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पुत्र पियूष चौधरी एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी भी शामिल रही , सिद्धांपीठ मंदिर में मन्त्रोंचारण के साथ की गई पूजा अर्चना कर मत्था टेके,रक्षा सूत्र बंधवाई और आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात 11 बजे दिन हज़ारों कार्यकर्ताओ के साथ विधानसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कराने के लिए रवाना हुई, इस मौके पर रामगढ़ जिप सदस्य धनेश्वर महतो, सुबीन तिवारी,दशरथ महतो, सहित कई लोग मौजूद रहे!



# श्रमिक मैदान अरगड्डा में दीपावली पर एक दिए शहीदों के नाम होगा आयोजित

# सफाई के लिए समाजसेवी रणधीर ने नगर परिषद को दिया आवेदन






**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। अरगड्डा- सिरका के श्रमिक खेल मैदान में आगामी दीपावली के अवसर पर एक दिए शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित होने वाला है.

जिसे लेकर समाजसेवी सह हिंदू टाईगर फोर्स के रामगढ़ जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह ने नगर परिषद रामगढ़ को मैदान की साफ सफाई व शराबियों द्वारा छोड़े गए बोतलों के कटीले अवशेषों को हटाने संबंधी मांग पत्र सौपा है.

इसमें कहा गया है कि श्रमिक मैदान सिरका में बच्चों, वयस्को, बुजुर्गों को चलने घूमने में भी काफी परेशानी हो रही है.

झाड़ियां भी कई जगहों पर निकल चुकी हैं, जिसकी सफाई व कटाई सुधार के मशीनों की आवश्यकता है. जिसे लेकर नगर परिषद रामगढ़ आवश्यक पहल करें. आवेदन में मांग करने वालों में पप्पू सिंह, गंगा बेदिया, रामाशीष प्रजापति, राजीव प्रधान आदि शामिल हैं।

## सिरू बूथ बाजार स्थित आजसू प्रधान कार्यालय में बुद्धिजीवी मंच की हुई बैठक, पंचायत स्तरीय बद्धिजीवी मंच कमेटी का किया गठन

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**



दुलमी। सिरू बुध बाजार स्थित आजसू प्रधान कार्यालय में बुद्धिजीवी मंच औ र फाउंडर कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गंगाधर महतो व संचालन अशोक कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद् रामगढ़ अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में सभी लोगों ने नामांकन दाखिल कार्यक्रम में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही साथ ही एन डी ए प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी जी को भारी से भारी बहुमत से जीता ने का संकल्प सामूहिक रूप से लिया। पूर्व जिप हिस्सा लेने की बात कही साथ ही एन डी ए प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी जी को भारी से भारी बहुमत से जीता ने का संकल्प सामूहिक रूप से लिया। पूर्व जिप अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 20 नम्बर के प्रत्याशी को दुलमी प्रखण्ड से सबसे अधिक वोट दिलाने का काम करें और पुरे विधान सभा क्षेत्र से सबसे अधिक मत देकर दुलमी प्रखण्ड के साथ साथ अपने पंचायत का भी नाम रोशन करें। बैठक में 10 पंचायत के बुद्धिजीवी और संस्थापकों को शामिल कर बुद्धिजीवी मंच का पंचायत स्तरीय कमेटी गठित किया। गयामुखिया परमेश्वर राम पटेल, रविंद्र कुमार, राम किशुन भोगता, राजीव मेहता, प्रकाश कुमार महली, गोपाल महतो, गजेंद्र चौधरी राज किशोर महतो, धर्मवीर महतो, रामकिशन भोगता, सीलू महतो, ब्रजननदन महतो, सुचित महतो, रविन्द्र महतो, लंबोदर महतो बिहारी महतो, अर्जुन महतो

ज्ञानी नायक, सुदल नाथ महतो, नंदू महतो, बेनी राम महतो, उमेश प्रजापति, बलराम महतो, कारू राम केवट, राजेंद्र कुमार, रामवृक्ष महतो, विक्की वर्मा, मनोहर महतो, निरंजन महतो, बालकृष्ण ओहदार, कुणाल सिंह, मनोज कुमार महतो,

सत्येंद्र चौधरी, भीम महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।।

# भविष्य में सीवरेज एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लानिंग में चुनौतियों पर सेमीनार का हुआ आयोजन

## जुटे इंजीनियर, आर्किटेक्ट, टाउन प्लानर एवं बिल्डर, नई तकनीक अपनाने पर दिया गया जोर

## शहरों में कम जगह पर सीवरेज व ट्रीटमेंट प्लांट इंस्टॉल करने पर मंथन

**समाचार संध्या**



भुरकुंडा (रामगढ़)। ह्युब्रट एनवायरों केयर सिस्टम चेन्नई थ्री एम इंडिया लिमिटेड एवं देवा एक्का सॉल्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित शाहदेव हाऊस वेंकवेट हॉल में सीवरेज एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लानिंग में चुनौतियों विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कई इंजीनियर, आर्किटेक्ट, टाउन प्लानर एवं बिल्डर शामिल हुए।

सेमिनार का उद्घाटन सीनियर आर्किटेक्ट राजीव चड्ढा, मयूख विरनवे, क्रेडाइ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ आर्किटेक्ट झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष अतुल सर्राफ, इंस्टिच्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स ऑफ इंडिया झारखंड चेप्टर के अध्यक्ष गजानंद राम, लाइसेंस टेक्निकल पर्सन्स के अध्यक्ष सुजीत भगत एवं देवा एक्का सॉल्यूशन के अतुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सेमिनार में विषय प्रवेश कराते हुए राजीव चड्ढा ने कहा कि शहरी इलाकों में जगह की कमी की स्थिति में हमें नई टेक्नॉलोजी पर लगातार नजर रखना होगा ताकि सीवरेज व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से शोर एवं प्रदूषण, मेनपावर, लागत, मेंटेनेंस खर्च कम हो सके। साथ ही इसे कम से कम जगह में इंस्टॉल किया जा सके। टाउन प्लानर अतुल अग्रवाल ने कहा कि जल एवं वेस्ट के गलत मैनेजमेंट के कारण शहरों का जल बहुत ज्यादा प्रदूषित हो गया है।





इसलिए स्वस्थ रहने के लिए आज सभी बिल्डिंग एवं घरों में बेहतर फिल्टर सिस्टम लगाना अनिवार्य हो गया है।

फायर सेफ्टी ऑफिसर शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि अपनी प्लानिंग में फायर नियमों की अनदेखी कभी न करें। नियमों की अनदेखी बड़ी घटना की वजह बन सकती है।

सेमिनार में बीआईटी मेसरा के आशुतोष सिंह, सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक सुजीब चटर्जी, मेकॉन के वरिष्ठ प्रबंधक राजा शेखरण ए, एचईसीएस के जैकब थॉमस,

हुड्को से अमरेंद्र कुमार, आर्किटेक्ट अरुण कुमार, मनीष अग्रवाल, अरुण सिंह, हर्षवर्धन, अंकित बेरी, जियाउर रहमान, तबरेज अख्तर, अनुप कुमार, शीतल अग्रवाल समेत

बीआईटी मेसरा के आर्किटेक्चर विभाग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# जवाहर नगर ज्योति क्लब में एक लाख की लागत से हो रहा भव्य काली पूजा पंडाल का निर्माण

## तैयारियों में जुटे हैं श्रीश्री काली पूजा समिति के लोग, पंडाल व विद्युत सज्जा रहेगा आकर्षक का केंद्र

**समाचार संध्या**



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में भव्य श्रीश्री काली पूजा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इस बार श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में भव्य काली पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है। इस बावत श्रीश्री काली पूजा समिति के अध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा, सचिव अप्पू मिश्रा व कोषाध्यक्ष सुमित गुप्ता ने बताया कि इस बार जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में करीब एक लाख रूपये की लागत से भव्य काली पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है। साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। वहीं बात की जाए पुरे खर्च की तो पूजा पंडाल, मां काली की प्रतिमा, प्रसाद, साज-सज्जा, लाइट और साउंड मिलाकर लगभग दो लाख रूपया लागत आयेगा। कहा गया कि पूजा पंडाल और विद्युत सज्जा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। पूजा की तैयारियों और सफलता को ले समिति के संरक्षक सह समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, देव कुमार पंडित, रामचंद्र गोस्वामी, सतीश मोहन मिश्रा, बिट्टू दुबे, अध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा, सचिव अप्पू मिश्रा, सह सचिव सागर सिंह, कोषाध्यक्ष सुमित गुप्ता, सह सचिव राजेश प्रसाद गुप्ता, निशांत सिंह, संतोष पासवान, प्रीतम गुप्ता, जॉनसन कुमार, नैतिक मोहन मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य कुणाल मोहन मिश्रा, जसवीर सिंह, अभिषेक दास, अमर कुमार, विशाल मोहन मिश्रा, शुभम,

अमन, दिग्विजय, विशाल, मोनू पंडित, गौतम गोस्वामी, आयुष, मोलू सिंह, भीम कुमार, पुरुषोत्तम गोस्वामी, बिट्टू मिश्रा, यश सिंह, जसवंत शर्मा, अवधेश चौहान, अंकुर भारद्वाज,

सुनील गोस्वामी, राहुल, अजय, मंडल, नंदलाल, प्रकाश राणा, विवेक, बंटी सिंह, सोनू तुरी, अक्षत गोस्वामी, विवेक कुमार, आकाश मुंडा, सागर कुमार, सहित बृजलाल सिन्हा, उपेन्द्र शर्मा, बिपुल शर्मा, पवन मिश्रा आदि श्रद्धालु जुटे हैं।

# ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरना ही हमारा उद्देश्य : किशोरी वर्मा

## विजय ज्वेलर्स में धनतेरस और दीपावली पर ग्राहकों को दी जा रही है भारी छूट के साथ उपहार

## छठ महापर्व तक ग्राहकों को खरीदारी पर मिलेगा यह लाभ




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। धनतेरस, दीपावली व छठ महापर्व के अवसर पर भुरकुंडा बाजार रेलवे लाइन स्थित विजय ज्वेलर्स में खरीदारी पर ग्राहकों को भारी छूट के साथ उपहार भी दिया जा रहा है।

इस बावत दुकान के प्रोपराइटर किशोरी वर्मा व संचालक विजय वर्मा ने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली व छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पांच हजार रुपये के गहने की खरीदारी पर ग्राहकों को एक निश्चित उपहार मिलेगा।

वहीं हॉलमार्क सोने व चांदी के गहने पर मेकिंग चार्ज में 25 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 10 ग्राम सोने के गहने की खरीद पर चांदी का एक सिक्का दिया जायेगा। प्रतिष्ठान में हॉलमार्क गहनों की शुद्धता जांचने के लिए मशीन की भी व्यवस्था है।

श्री वर्मा ने बताया कि हमारे यहां नवग्रह रत्न भी उपलब्ध है। ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरना ही हमारा उद्देश्य रहा है।

साथ ही ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारे प्रतिष्ठान की पहचान रही है।

किशोरी वर्मा ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए खरीदारी के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। साथ ही ग्राहकों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा।

छठ महापर्व तक ग्राहक हमारे यहां खरीदारी पर इसका लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने बेहतर क्वालिटी के साथ उचित मूल्य के लिए क्षेत्रवासियों से अपने दुकान में एक बार जरूर पधारने की अपील की।

# विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें जरूर सफल होंगे : प्रेम कुमार मेहता

## सनसाइन कोचिंग सेंटर के छात्र कुंदन कुमार का अग्निवीर में हुआ चयन

## संस्था ने समारोह पूर्वक सफल छात्र को किया सम्मानित, जताया हर्ष, दी बधाई



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। बैंक मोड़ पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनसाइन कोचिंग सेंटर के छात्र कुंदन कुमार का अग्निवीर में चयन होने से शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

छात्र की सफलता पर सोमवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के निदेशक प्रेम कुमार मेहता ने सफल छात्र कुंदन कुमार को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर निदेशक प्रेम कुमार मेहता ने बताया कि चिकोर निवासी संजय बेदिया एवं मुनिया देवी का पुत्र सह सनसाइन कोचिंग सेंटर का छात्र कुंदन कुमार का अग्निवीर में अंतिम रूप से चयन हुआ है। जो कि संस्था और भुरकुंडा कोयलांचल सहित भदानीनगर आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षको के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें जरुर सफल होंगे। निदेशक श्री मेहता ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है।

इधर छात्र कुंदन कुमार की सफलता पर संस्था के निदेशक प्रेम कुमार मेहता, शिक्षिका अंशिका मेहता, छोटू मुंडा, सुशील मुंडा,

निधि, खुशी, अमित, राजेश, करन, प्रियंका, रीता, फूलकुमारी, सूरज, आर्यन, काजल सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने समर्थकों के साथ पतरातू प्रखंड का किया तुफानी दौरान

## भुरकुंडा कोयलांचल में चलाया जनसंपर्क अभियान, चुनाव में जीत दिलाने का किया आह्वान

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को पतरातु प्रखंड का तुफानी दौरान किया। इस दौरान भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रोशन लाल चौधरी के साथ भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे तभी झारखंड का संपूर्ण विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के हाथों को मजबुत करने के लिए कमल छाप का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी दिलाएं। पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। श्री चौधरी ने कहा कि एक बार मौका दें किसी को निराश नहीं करूंगा। क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जायेगी। हर हाथ को काम दिलाना, क्षेत्र का चहंमुखी विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की





किरण पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य होगा। इस दौरान एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार, सुंदरनगर-शास्त्री नगर, अकेला नगर, पटेल नगर चौक, चोरधारा कॉलोनी, चोरधरा मिश्री होटल, शिवनगर, शिव मंदिर रिवर साइड, ठाकुर मेडिकल चौक, आकाशदीप कॉलोनी, सेंट्रल सौंदा को-ऑपरेटिव मार्केट, जमुरिया बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में रोशन लाल चौधरी के साथ पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुन्ना श्रीवास्तव, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, प्रमंडली प्रभारी योगेश दांगी, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी,

मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, उपाध्यक्ष राजन पांडेय, अखिलेश टोप्पो, जुगल नायक, कन्हैया सिंह यादव, अजय पासवान, पटेलनगर बूथ अध्यक्ष विनोद सिंह, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, सलील मोहन सिन्हा, प्रदीप मांझी, जितेंद्र महतो, मंटू राय, संजय पांडेय, शंकर विश्वकर्मा, बीनू शर्मा सहित दर्जनों एनडीए समर्थक शामिल थें।

# मांडू विधानसभा प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे : मो.समीम



**समाचार संध्या**

मांडू (रामगढ़ )। मांडू विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी के नामांकन कार्यक्रम में परेज से मोहम्मद समीम , सज्जाद अंसारी, मोहम्मद इस्लाम ने आपने सैकड़ो समर्थको को लेकर डॉ नासिर अंसारी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हो कर डॉक्टर नजीर अंसारी का हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया जिसके बाद नामांकन महासभा कर्जन ग्राउंड रवाना होने वालो में हजारीबाग में शामिल हुए जिसमें एहसान, वाहिद अंसारी, असरफ अंसारी, महेंद्र तूरी कृष्णा तूरी , सोहन भूइया , चंद्रिका घासी , राजकुमार भूइया, चिकू अंसारी, थे।

# बुंडू- बसरिया के जंगली फर्कली टोंगरी क्षेत्र में फैक्ट्री से फेके जाने वाले कचड़ो का डस्टबिन बनाया जा रहा

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रदूषण, आओ हवा खराब होने के आसार, बीमारियों को दिया जा रहा बुलावा, मामला गिद्दी थाना क्षेत्र का

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**



सिरका। थाना गिद्दी 'ए' क्षेत्र के नईसराय-गिद्दी मुख्य मार्ग पर स्थित बुंडू- बसरिया के मध्य जंगली व रिहायसी इलाको के समीप पुराने पत्थर के फरकलियों में फैक्ट्री के जहरीले डस्टो को डंप करने का कार्य बखूबी किया जा रहा है. इससे बुंडू ग्रामीण क्षेत्र में प्रदूषण, आओ हवा खराब होने, बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है. लोग बताते हैं कि फैक्ट्री के डस्ट बड़े हाईवा में लोडकर बिंझार- नईसराय की ओर से लाया जाता है. जिसे यहां प्रतिदिन दर्जनो ट्रको द्वारा गिराया जाता है. हवा चलने पर ग्रामीण इलाके में उड़कर काला गर्दा(डस्ट) फैल जाता हैं. जिससे मुख्य सड़क गिद्दी- नईसराय में चलने वाले वाहन चालको व लोगों को भी परेशानी होती है. इसके अलावे हरे-भरे और अच्छे वातावरण से भरपूर बुंडू बसरिया का भी वातावरण दूषित होता जा रहा है। जो चिंता का विषय है।

# स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवल श्री विज्ञान देव जी महाराज के जयंती पर लगा रक्तदान शिविर. 50 लोगों ने किया रक्तदान






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। जय सदगुरुदेव विहंगम योग संस्थान के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवल श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मदिन पर सोमवार को रामगढ़ सदर अस्पताल में समाज कल्याण के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विहंगम योग संत समाज रामगढ़ के अनुयाई एवं 50 लोगों ने रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवल श्री विज्ञान देव जी महाराज के जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। कहा गया कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान मानव के लिए सबसे बड़ी सेवा है। कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप में कमलेश श्रीवास्तव, भोला अग्रवाल, अरुण कुमार, डॉ. कपील, राजेश कुमार, उमाशंकर कुशवाहा, किरण देवी, रामजन्म राम, बैजनाथ कुमार, सविता देवी, मंजू देवी, राखी देवी सहित दर्जनों समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

# छठ महापर्व को ले पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी की की हुई बैठक तैयारी पर किया गया विचार विमर्श सौंपा गया कार्यभार



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। छठ महापर्व की तैयारी को लेकर सोमवार को पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी की पतरातु में बैठक हुई। इसके पूर्व पतरातू डैम स्थित कटुवा कोचा घाट का निरीक्षण किया। इसके बाद पीटीपीएस स्थित कार्यालय में संयोजक सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें छठ पूजा की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए छठ महापर्व को स्वच्छ एवं छठ व्रतिओं के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराने पर सहमति जताई गई।

बैठक के माध्यम से सर्वप्रथम प्रखंड एवं जिला प्रशासन द्वारा छठ घाट पर दुर्गा पूजा में प्रतिमा विसर्जन कराए जाने के कारण घाट पर हुई अत्याधिक गंदगी एवं मलवे को साफ कराने की मांग की गई। साथ ही विभागवार कार्यों का प्रभार सदस्यों के बीच बांटा गया। जिसमें साफ सफाई एवं व्यवस्था प्रमुख सुजीत कुमार पटेल, स्टेज एवं टेंट प्रभारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता व शक्ति सिंह उर्फ पप्पू, लाइट वं साउंड प्रभारी मो.वारिस खान, राकेश कुमार, भोग प्रभारी नीरज झा एवं अनिल सिंह, पूजा प्रभारी मनीष अग्रवाल एवं दीपक गुप्ता, दूध एवं चाय व्यवस्थापक संजीव सिंह एवं घुसुर कुमार, डेकोरेशन एवं साज - सज्जा प्रभारी गोविंद सोनी व राकेश कुमार, पार्किंग विधि व्यवस्था प्रभारी, तारीक एवं टीम नाविक संघ शामिल हैं।

वहीं छठ व्रत्तियों की मांग पर सदस्यों के सर्वसम्मति से इस वर्ष भी घाट पर फिर से पानी में फ्लोटिंग तैरता हुआ पूजा पंडाल बनाया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से डॉ मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप सिंह, शक्ति सिंह उर्फ पप्पू, गोविंद सोनी, वारिश खान, राकेश कुमार, महावीर अग्रवाल, अनिल कुमार, नीरज झा, मनीष गोयल, संजीव सिंह, दीपक कुमार, अरिंदम नायक, मोनु सिंह, राहुल सिंह, धीरज पटेल सहित दर्जनो शामिल थें।

# मांडू विधानसभा प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी नामांकन महासभा को संबोधित किय।



**समाचार संध्या**

मांडू । मांडू सोमवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ नाजिर अंसारी ने नामांकन करने के बाद कर्जन ग्राउंड नामांकन महासभा में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मै जाता पात कि राजनीति नहीं करुंगा मैं विकास राजनीति करूंगा लोगों का हर सुख दुख में मुझे आपने साथ पाएंगे वहीं नामांकन कार्यक्रम में आए हजारों की संख्या में डॉ नाजिर अंसारी का भाषण सुनने के लिए डांटे रहे नामांकन महासभा में कुजू , मांडू, परेज अंसार नगर, पिपरा , कर्मा, बिसुनगढ बरकठी ,दिगवार, सांड़ी चरहि तापीन सहित परेज से मोहम्मद समीम ने सैकड़ो की संख्या में समर्थको को लेकर डॉ नासिर अंसारी के नामांकन महासभा कार्यक्रम में शामिल हो कर डॉक्टर नजीर अंसारी का हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# कैलाश कॉम्प्लेक्स भुरकुंडा में अलंकार ज्वेलर्स का उद्घाटन 29 को




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड भुरकुंडा बाजार स्थित पतरातू बस स्टैंड के समीप कैलाश कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को अलंकार ज्वेलर्स का भव्य उद्घाटन होगा। इस अवसर पर प्रतिष्ठा के प्रोपराइटर सह संचालक अशोक सोनी ने क्षेत्र वासियों से उद्घाटन समारोह में शामिल होने की अपील की है।